# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/एम0पी0एड0/बी0पी0एड0/4016
दिनांक : 15.05.2019

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0पी0एड0 (दो वर्षीय) वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत बी0पी0एड0 प्रथम वर्ष सत्र 2018–19 में केवल काउन्सिलिग के माध्यम से प्रवेशित एवं सत्र 2017–19 के द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा एवं दो वर्षीय प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पूर्व वर्षो की प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की भूतपूर्व एवं बैक पेपर परीक्षा एवं एवं एम0पी0एड0 दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) प्रणाली के अन्तर्गत संचालित प्रथम सेमेस्टर सत्र 2018–19 में केवल काउन्सिलिग के माध्यम से प्रवेशित मुख्य परीक्षा एवं एम0पी0एड0 दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) के अन्तर्गत संचालित पूर्व सेमेस्टरों की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टरों की भूतपूर्व एवं बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **(www.ccsuniversity.ac.in)** पर ऑन लाईन (On Line) भरें जायेंगे। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी :–

**फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढें:–**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर B.P.Ed / M.P.Ed Main / Ex. & Back Paper Form पर Click करें।

2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।

3. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

4. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।

5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि परीक्षार्थी काउन्सिलिग के माध्यम से प्रवेशित हुये है और फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ?

6. महाविद्यालय/संस्थान से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**विशेष निर्देश:–**

i. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि परीक्षा फार्म वर्षवार एवं अनुक्रमांकवार बांधकर, उसी क्रम में, कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट और उसकी सौफ्ट कॉपी भी बनाकर लायें, हाथ से बनी हुई नहीं।

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | **16.05.2019** |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | **25.05.2019** |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | **27.05.2019** |
| 4. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | **28.05.2019** |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

16-5-19
परीक्षा नियंत्रक

*प्रतिलिपि:–* निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त एम०पी०एड०/बी०पी०एड० पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रो० वाई० विमला, प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव कुलसचिव (परीक्षा)।
6. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यवसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. आशुलिपिक कुलसचिव।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र/प्राधिकृत एजेन्सी।
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

16-5-19
परीक्षा नियंत्रक